Bihar Board Class 7 Social Science Important Questions Geography Chapter 2 चट्टान एवं खनिज

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
आग्नेय शैल किसे कहते हैं?
उत्तर:
जो शैल मैग्मा के धीरे-धीरे ठंडा होने से बनती है उसे आग्नेय शैल कहते हैं।

प्रश्न 2.
पृथ्वी की सबसे ऊपरी सतह को क्या कहते हैं?
उत्तर:
पृथ्वी की सबसे ऊपरी सतह को पर्पटी कहते हैं।

प्रश्न 3.
पृथ्वी के आयतन का कितना भाग पर्पटी का है?
उत्तर:
पृथ्वी के आयतन का केवल 1 प्रतिशत हिस्सा ही पर्पटी का है।

प्रश्न 4.
पृथ्वी के आयतन का सर्वाधिक हिस्सा किस परत का है और कितना है?
उत्तर:
पृथ्वी के आयतन का सर्वाधिक हिस्सा मैंटल का है। यह लगभग 84 प्रतिशत है।

प्रश्न 5.
जीवाश्म किसे कहते हैं?
उत्तर:
शैलों की परतों में दबे मृत पौधों एवं जन्तुओं के अवशेषों को जीवाश्म कहते हैं।

प्रश्न 6.
पर्पटी की मोटाई कितनी है?
उत्तर:
पर्पटी की मोटाई समुद्र के नीचे 5 किमी. तथा महाद्वीपों पर 35 किमी. है।

प्रश्न 7.
पृथ्वी की सबसे आंतरिक परत-क्रोड को 'निफे क्यों कहते हैं?
उत्तर:

evidyarthi

पृथ्वी की सबसे आंतरिक परत-क्रोड निकल और फैरस से बनी होती है, इन दोनों के प्रथम अक्षर से निफे बनता है, इसलिए इसे निफे कहते हैं।

प्रश्न 8.
आग्नेय शैल कितने प्रकार की होती हैं? उनके नाम लिखिये।
उत्तर:
आग्नेय शैल दो प्रकार की होती हैं। ये हैं-

- अन्तर्भेदी आग्नेय शैल और
- बहिर्भेदी आग्नेय शैल।

प्रश्न 9.
महाद्वीपीय पर्पटी को सिएल क्यों कहा जाता है?
उत्तर:
महाद्वीपीय पर्पटी मुख्य रूप से सिलिका और ऐलुमिना जैसे खनिजों से बनी होती है। इसलिए इसे सिएल कहा जाता है।

प्रश्न 10.
महासागरीय पर्पटी को क्या कहा जाता है?
उत्तर:
महासागरीय पर्पटी को (सिलिका से सि और मैग्नीशियम से मै लेने पर) सिमै कहा जाता है।

लघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
पर्पटी किसे कहते हैं? इसकी मोटाई क्या है?
उत्तर:
पर्पटी-पृथ्वी की सतह की सबसे ऊपरी परत को पर्पटी कहते हैं। यह सबसे पतली परत होती है। यह पृथ्वी के आयतन का केवल एक प्रतिशत है। यह महाद्वीपों में 35 किलोमीटर तक और समुद्री सतह में केवल 5 किलोमीटर तक मोटी होती है।

प्रश्न 2.
पर्पटी कितने प्रकार की होती है? समझाइए।
उत्तर:
पर्पटी मुख्यतः दो प्रकार की होती है। ये हैं-
(1) सिऐल और (2) सिमै। यथा-

(1) सिऐल-यह महाद्वीपीय पर्पटी होती है। इसकी मोटाई 35 किलोमीटर होती है। यह मुख्य रूप से सिलिका एवं ऐलुमिना जैसे खनिजों से बनी होती है। इन दोनों के प्रथम अक्षरों से सिऐल बनता है। इसलिए इसे सिऐल कहा जाता है।

(2) सिमै-यह महासागरीय पर्पटी है जो केवल 5 किमी. तक मोटी है। यह मुख्यतः सिलिका एवं मैग्नीशियम से बनी होती हैं। इसलिए इसे सिमै (सि-सिलिका तथा मै- मैग्नीशियम) कहा जाता है।

प्रश्न 3.
पृथ्वी की तीनों परतों में पृथ्वी के आयतन का कितने-कितने प्रतिशत हिस्सा है?
उत्तर:
पृथ्वी के आयतन का केवल एक प्रतिशत हिस्सा ही पर्पटी है, 84 प्रतिशत हिस्सा मैंटल का है और 15 प्रतिशत हिस्सा क्रोड का है।

प्रश्न 4.
खनिजों पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।
उत्तर:
शैल विभिन्न खनिजों से बने होते हैं। खनिज प्राकृतिक रूप में पाए जाने वाले पदार्थ हैं जिनका निश्चित भौतिक गुणधर्म एवं निश्चित रासायनिक मिश्रण होता है। खनिजों में कुछ का उपयोग ईंधन की तरह होता है; जैसेकोयला, प्राकृतिक गैस एवं पैट्रोलियम। इनका उपयोग औषधि एवं उर्वरकों में भी होता है; जैसे लोहा, एल्यूमिनियम, सोना, यूरेनियम आदि।

evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/